समाचार

आमजन को अधिकाधिक सुविधा मिले, मेरा निरंतर प्रयास–महापौर

(वार्ड क्र. 28 आर.पी.नगर फेस–1 में डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने)

कोरबा 11 जून 2019 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा है कि क्षेत्र के नागरिकबंधुओं को अधिक से अधिक मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो तथा सभी वार्ड व बस्तियों में वहां के निवासियों की इच्छा के अनुरूप समग्र रूप से विकास कार्य कराए जाएं, मेरा यह निरंतर प्रयास रहा है। उन्होने कहा कि विकास की यह गति आगे भी जारी रहेगी तथा इसमें किसी प्रकार का अवरोध नहीं आने दिया जाएगा।

उक्त बातें महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आज वार्ड क्र. 28 डॉ.राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस–1 में डामरीकरण कार्य के भूमिपूजन अवसर पर कही। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के दिशा निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 28 डॉ.राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस–1 में 45 लाख रूपये की लागत से आंतरिक सड़कों के डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है, आज आर.पी.नगर फेस–1 के दशहरा मैदान के समीप आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त महत्वपूर्ण विकास कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होने विधिवत पूजा अर्चना कर डामरीकरण कार्य की शुरूआत कराई, महापौर के निर्देश पर यह डामरीकरण का कार्य आज से ही प्रारंभ कर दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आगे कहा कि वार्ड क्र. 28 डॉ.राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस–1 के नागरिकबंधुओं की मांग का सम्मान करते हुए आज डामरीकरण का यह कार्य प्रारंभ कराया गया है, आर.पी.नगर फेस–1 की सभी आंतरिक सड़कों में डामरीकरण का कार्य किया जाएगा तथा यहां की सड़कों को नया रूप मिलेगा। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि विगत साढ़े 04 वर्षो के इस कार्यकाल में निगम के सभी वार्डो में व्यापक रूप से विकास कार्य कराए गए हैं, विशेषकर मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, नाली, पानी, बिजली, सड़क रोशनी , साफ–सफाई व्यवस्था संबंधी कार्यो को प्राथमिकता के साथ संपादित कराया गया है, उन्होने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझपर विश्वास व्यक्त कर निगम की कमान मेरे हाथों में दी थी,

मेरा निरंतर प्रयास रहा है कि आमजनता के इस विश्वास को बनाए रख सकूॅ, उन्हें अधिक से अधिक सुविधाएं दे सकूॅ। उन्होने आगे कहा कि भविष्य में भी निरंतर विकास की यह गति जारी रहेगी तथा इसमें कोई अवरोध नहीं आने दिया जाएगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद महेन्द्र सिंह चौहान, प्रदीप जायसवाल, पूर्व पार्षद अर्चना उपाध्याय, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री संगीता सक्सेना, श्यामसुंदर सोनी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, निगम के कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, सहायक अभियंता एन.के. नाथ एवं तपन तिवारी, उप अभियंता देवेन्द्र स्वर्णकार एवं अंजूलता तिग्गा, छन्नू सिंह ठाकुर, अतहर ईमाम, दविन्दर सिंह, गौतम घोष, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, सी.एस.जोशी, रामू पाण्डेय, मनीषा आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।